*** शासन सचिव ने ली निगम हेरिटेज में समीक्षा बैठक***

**निगम अधिकारी सफाई व्यवस्था को रखें प्राथमिकता पर, वर्ष भर युद्ध स्तर पर चले सफाई अभियान - शासन सचिव रवि जैन**

जयपुर, 12 अगस्त । स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव श्री रवि जैन ने मंगलवार को नगर निगम हेरिटेज जयपुर के मुख्यालय में निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान शासन सचिव श्री रवि ने संपर्क पोर्टल और अन्य ऑनलाइन पोर्टल पर पेंडिंग कार्यों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान श्री जैन ने कहा कि सफाई व्यवस्था हमारी प्राथमिकता में होनी चाहिए, जिस तरह हम स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान गंदगी हटाने और सफाई में विशेष फोकस रखते है, ऐसा ही जज्बा सालभर होना चाहिए। युद्धस्तर पर लगातार सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए। समीक्षा बैठक से पहले नगर निगम हेरिटेज □ युक्त डॉ निधि पटेल ने स्वायत्त शासन सचिव श्री रवि जैन का स्वागत किया और निगम की ओर किए जा रहे कार्यों से अवगत भी कराया।

एक भी पट्टा ऑफलाइन जारी नहीं हो, जोन उपायुक्त त्वरित गति से सभी □ वेदन पत्र को करें ऑनलाइन - श्री जैन

हेरिटेज निगम में पेंडिंग चल रही पट्टा फाइलों को लेकर श्री जैन ने निर्देश दिए कि अब एक भी पट्टा ऑफलाइन जारी नहीं होना चाहिए। इस विषय में उन्होंने सभी जोन उपायुक्त और लैंड शाखा उपायुक्त की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि जोन स्तर पर पट्टा संबंधी जितनी भी ऑफलाइन फाइलें है, उन्हें तुरंत प्रभाव से ऑनलाइन किया जाएं। साथ ही □ वेदक से भी संपर्क पर ऑनलाइन की दस्तावेज जमा करने के लिए कहा जाएं। श्री जैन ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि सरकारी जमीन या भूमि पर पट्टा संबंधी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सड़क पर विचरण कर रहे □ वारा पशुओं को गंभीरता से लें, त्वरित एक्शन की जरूरत - शासन सचिव श्री रवि जैन

वहीं, समीक्षा बैठक के दौरान श्री रवि जैन ने सड़क पर विचरण कर रहे □ वारा पशुओं के नियंत्रण को लेकर ठोस प्लानिंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परकोटे में ये समस्या ज्यादा है। बेसहारा गाय सड़क पार विचरण करती रहती है। अवैध डेयरियों की शिकायतें भी है। निगम की पशु प्रबंधन शाखा इसे गंभीरता से लें और सख्त एक्शन लें। वहीं शासन सचिव श्री रवि जैन ने विद्युत शिकायत, सफाई व्यवस्था और अस्थाई अतिक्रमण की शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

कचरे का ढेर ना बनें, इसके लिए लगातार की जाएं निगरानी, कचरा फेंकने वाले का किया जाएं सख्त चालान

इस दौरान शासन सचिव श्री जैन ने सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि सड़क पर बन रहे कचरा डिपो की लगातार निगरानी होनी चाहिए। जिससे कि कचरे का ढेर न बन पाएं। साथ ही कचरा फेंकने वाले को ट्रेस कर उसका चालान किया जाएं। वहीं दुकानोंके बाहर डस्टबिन नहीं होने पर भी भारी चालान किया जाएं। ज्यादा शिकायत □ ती है तो सीज की कार्रवाई भी करें। साथ ही हूपर की नियमित मॉनिटरिंग, ट्रैकिंग करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान हेरिटेज निगम के अतिरिक्त □ युक्त श्री सुरेंद्र यादव, सभी जोन उपायुक्त, शाखा प्रभारी, अभियंता अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक मौजूद रहे।


Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam 2025




Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam
2025